दिन– शुक्रवार दिनांक– 07 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास में मध्यम वर्ग की भूमिका की सराहना की। कहा– उनकी आकांक्षाएं देश की प्रगति के लिए सबसे मजबूत आधार।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जमुई जिले में आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. प्रदेश में भ्रष्ट लोक सेवकों पर कार्रवाई के लिए मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय का गठन।

04. और, अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल में बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी। चंदन कुमार आज लॉनबॉल में स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगे।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास में मध्यम वर्ग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी आकांक्षाएं देश की प्रगति को गति दे रही हैं। कल राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब देते हुए, प्रधान मंत्री ने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने के सरकार के फैसले का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि देश में एक नव–मध्यम वर्ग उभरा है और उनकी सरकार इस नव–मध्यम वर्ग के साथ मजबूत प्रतिबद्धताओं के साथ खड़ी है।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का विकास मॉडल 'राष्ट्र प्रथम' है, जो तुष्टिकरण के बजाय 'संतुष्टि' पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि लोगों ने इस मॉडल को परखा, समझा और समर्थन किया है और इसलिए उनकी सरकार को तीसरी बार जनादेश दिया है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने लोगों के कल्याण और हाशिए पर मौजूद समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए संसाधनों का बेहतर उपयोग करने की सरकार की प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने उनके हितों की रक्षा के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति समर्थक कानूनों को मजबूत किया है। श्री मोदी ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार के प्रयासों के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के आखिर में कहा, राष्ट्रपति के भाषण में देश की उपलब्धियों, भारत से

दुनिया की अपेक्षाओं, देश के आम आदमी के आत्मविश्वास और विकसित भारत के संकल्प का विस्तृत ब्यौरा था। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद उच्च सदन ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया।

————————————————————————

सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों ने वर्ष दो हजार उन्नीस–बीस से दो हजार तेईस–चौबीस तक बिहार में सौ करोड़ चौरानवे लाख रूपये खर्च किये हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भाजपा सांसद डॉक्टर भीम सिंह के सवाल के जवाब में राज्यसभा में यह जानकारी दी। राज्य मंत्री ने बताया कि पूरे देश में सीएसआर के तहत कई सामाजिक क्षेत्रों में निवेश किया गया है। इससे ग्रामीण और झुग्गी–झोपड़ी विकास, स्वच्छ पेयजल तथा स्वच्छ सेवाएं सहित कई कार्यक्रमों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

————————————————————————

नये आयकर विधेयक पर आज नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा होगी। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे ने बताया कि इस विधेयक में दो हजार पच्चीस–छब्बीस के बजट में आयकर दरों, स्लैब और स्त्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों में हुये बदलावों को भी शामिल किया जायेगा। गौरतलब है कि नये विधेयक की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने अपने बजट भाषण में की थी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के चौथे चरण में आज जमुई पहुंच रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री लगभग आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। और ब्यौरा दे रहे है हमारे संवाददाता–

———बाईट———

तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री जिले के गरही में जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री जमुई सदर प्रखंड के सोनपै महिला थाना का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा विभिन्न विभाग की ओर से लगाये स्टॉलों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री राजकीय महिला डिग्री कॉलेज, खेल मैदान, जल जीवन हरियाली के तहत निर्मित तालाब, संयुक्त श्रम भवन और सिकरिया क्षेत्र अन्तर्गत मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का उद्घाटन और निरीक्षण करेंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री छिहत्तर करोड़ चालीस लाख रूपये की लागत से निर्मित कुल अंठावन योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए जमुई से पंकज कुमार।

————————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में भ्रष्ट लोक सेवकों पर कार्रवाई को लेकर मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय का गठन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस गठन को लेकर संकल्प जारी करते हुये कहा है कि यह विभाग स्वतंत्र निदेशालय होगा। मुख्य सचिव स्तर के कार्यरत और सेवानिवृत अधिकारी इस निदेशालय के महानिदेशक सह मुख्य

जांच आयुक्त होंगे। वहीं, प्रमंडल स्तर पर संयुक्त आयुक्त और जिला स्तर पर अपर समाहर्ता को नोडल पदाधिकारी बनाया जायेगा।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने मोकामा—मुंगेर फोरलेन के लिए भूमि अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। ग्रीन फील्ड मोकामा—मुंगेर फोन लेन परियोजना के लिए पांच हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च होगी। इसके अन्तर्गत बड़हिया और अशोक धाम को जोड़ने के लिए दो अतिरिक्त सड़कों का निर्माण भी शामिल है। इससे झारखंड सीमा के मिर्जाचौकी से बक्सर तक चार सौ तीस किलोमीटर फोरलेन हाई—वे का निर्माण होगा। इससे बिहार के सुदूर पूर्वी हिस्सों से झारखंड और पश्चिम बंगाल जाना आसान होगा।

————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सासाराम में पर्यटन उद्योग के विकास और स्थानीय लोगों के रोजगार के अवसर सृजित करने को लेकर उनतीस करोड़ बिरासी लाख रूपये खर्च होंगे। इस राशि से शेरशाह सूरी होटल की जगह छह मंजिला बजट होटल का निर्माण किया जायेगा। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार ऐसे बजट होटल बनवा रही है जो व्यवसायिक होटलों की तुलना में किफायती होने के साथ ही उच्च स्तरीय सुविधा युक्त हो।

————————————————————————

नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि राज्य के छह नगर निगम क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक सिग्नल लगाने का निर्णय लिया गया है। श्री नवीन ने बताया कि योजना के अन्तर्गत दरभंगा, सहरसा, पूर्णियां, गया, मुंगेर और छपरा शामिल है। इस योजना पर चार सौ सत्तासी करोड़ रूपये खर्च होंगे।

————————————————————————

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण आठ एपिसोड के एक नए प्रारूप में आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के भारत मण्डपम में दस फरवरी को आयोजित होगा। इस बार यह कार्यक्रम पारंपरिक टाईम हॉल के बजाए अभिनेत्री दीपिका पादुकोन, मुक्केबाज एम.सी. मेरीकॉम और आध्यात्मिक गुरु सदगुरु की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। परीक्षा पे चर्चा की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे और अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के

यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा। परीक्षा पे चर्चा एक संवादात्मक कार्यक्रम है जिसमें भारत तथा विदेशों के शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक प्रधानमंत्री के साथ चर्चा करते हैं तथा जीवन को एक उत्सव के रूप में मनाने के लिए परीक्षा के तनावों से उबरने को लेकर सकारात्मक बातचीत करते हैं। समाचार कक्ष से मैं कामिनी ठाकुर।

———————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी ने भर्ती और प्रोन्नति नियमों से संबंधित प्रतिक्रिया प्राप्त करने की तिथि अट्ठाईस फरवरी तक बढ़ा दी है। इससे पहले हितधारकों को प्रतिक्रिया भेजने की तिथि पांच फरवरी तक निर्धारित थी। यूजीसी ने शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और पदोन्नति के लिए न्यूनतम योग्यता और उच्च शिक्षा में उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के उपाय विनियमन जारी किया था।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर पछुआ हवा के प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना है। उसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में कल सुबह घना कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ मोतिहारी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पंद्रह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

सीबीआई ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर समेत नौ लोगों के अठारह ठिकानों पर छापेमारी की है। इनमें वाल्मीकिनगर से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके निर्दलीय दिनेश कुमार अग्रवाल, दो इंस्पेक्टर और पांच चार्टर्ड अकाउंटेंट भी शामिल हैं। छापेमारी के दौरान आरोपितयों के अलग–अलग ठिकानों से कई आपत्तिजन दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद हुये हैं।

इधर, निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने पटना के रूपसपुर थाने के दो सब इंस्पेक्टर फिरदौस आलम और रंजीत कुमार को पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये गिरफ्तार किया है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने बताया कि इन दोनों को तत्तकाल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जायेगी।

———————————————————————

भोजपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में तीन अलग–अलग थाना क्षेत्र से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से आठ जिंदा कारतूस, दो देशी कट्टा, दो पिस्टल, एक खोखा और एक मैगजीन बरामद किया गया है।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियागंज अनुमंडल से सिकटा पुलिस ने रेलवे स्टेशन से तेरह किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। आज लॉनबॉल में चंदन कुमार स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगे। इससे पहले कल चंदन कुमार ने पुरूष एकल वर्ग में मणिपुर और दिल्ली को पराजित करते हुये कांस्य पदक प्राप्त किया था। वहीं, लॉन बॉल महिला ट्रिपल स्पर्धा में बिहार ने ओडिशा को पन्द्रह–चौदह से पराजित किया। इस स्पर्धा में भी राज्य को पदक मिलने की उम्मीद है। इधर, मुंगेर की अंशिका कुमारी ने तीरंदाजी के रिकर्व प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में उनका मुकाबला ओलंपियन दीपिका कुमारी से था, जिन्होंने स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रीय खलों में बिहार की टीम ने अबतक सात पदक प्राप्त किये हैं। इसमें चार रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में जमीन की दस लाख जमाबंदी होगी अनलॉक। अखबार लिखता है– जमाबंदी अनलॉक करने से पूर्व खतियान और दस्तावजों की जांच करेंगे अंचलाधिकारी।

दैनिक जागरण लिखता है– काशी विश्वनाथ की तर्ज पर विकसित होगा हरिहर क्षेत्र।

दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– राज्य के गृहविहिन परिवारों के लिए अब प्रत्येक साल एक लाख घर बनेंगे।

जल्द होगी बंपर बहाली, भरे जायेंगे दो लाख से ज्यादा पद, प्रभात खबर की सुर्खी है।

आज अखबार ने भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे वन–डे क्रिकेट मैच की खबर को अपनी लीड बनाते हुये लिखा है– भारत ने ऑलराउंड प्रदर्शन से इंग्लैंड को हराया।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास में मध्यम वर्ग की भूमिका की सराहना की। कहा– उनकी आकांक्षाएं देश की प्रगति के लिए सबसे मजबूत आधार।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जमुई जिले में आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. प्रदेश में भ्रष्ट लोक सेवकों पर कार्रवाई के लिए मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय का गठन।

04. और, अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल में बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी। चंदन कुमार आज लॉनबॉल में स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगे।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।